**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 885**

**07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**उत्तर प्रदेश में एम्स**

885. **श्रीमती रुचि वीरा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में उत्तर प्रदेश सहित प्रस्तावित और पूर्ण किए गए एम्स की स्थान-वार और राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का मुरादाबाद में एम्स स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है क्यों कि यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश का लगभग 38 लाख आबादी वाला एक विकसित औद्योगिक जिला है और पीतल के व्यवसाय के कारण देश -विदेश के व्यवसायी अकसर यहां आते हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस एम्स से उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करके विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र के निवासियों को लाभ होगा; और

(ङ) क्या यह सच है कि पीतल के व्यवसाय में लगे लाखों कामगार और व्यवसायी 150 किलोमीटर की परिधि के आस-पास उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की अनुपलब्धता के कारण आपात स्थिति में असामयिक मृत्यु का शिकार होते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ङ): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, अब तक देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र में 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश में 2 एम्स एक रायबरेली में और एक गोरखपुर में शामिल है। एम्स का स्थान-वार और राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में योजना के तहत, सुपर-स्पेशियलिटी सुविधाकेन्द्रों की स्थापना के माध्यम से केंद्र-राज्य लागत साझाकरण के आधार पर 11 सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) का उन्नयन किया गया है। इनमें शामिल हैं (1) एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ (2) आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी में ट्रॉमा सेंटर (3) जवाहरलाल नेहरू

मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ (4) सरकारी मेडिकल कॉलेज, झाँसी (5) बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर (6) एमएलएन मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद (7) एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, मेरठ (8) सरकारी मेडिकल कॉलेज, आगरा (9) सरकारी मेडिकल कॉलेज, कानपुर (10) चिकित्सा विज्ञान विभाग संस्थान(आईएमएस) में एसएसबी, बीएचयू, वाराणसी (11) आरआईओ, आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी। इनमें से, अलीगढ़ में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और मेरठ में एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से लगभग 150 कि.मी के दायरे में हैं। पीएमएसएसवाई के मौजूदा चरण में मुरादाबाद में नए एम्स की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**अनुलग्नक**

**पीएमएसएसवाई के तहत स्वीकृत स्थान-वार/राज्य-वार एम्स का विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | एम्स का स्थान | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | एम्स मंगलागिरी | कार्यशील |
| 2 | असम | एम्स गुवाहाटी | निर्माणाधीन |
| 3 | बिहार | एम्स दरभंगा | निवेश-पूर्व कार्य प्रगति पर है |
| 4 | | एम्स पटना | कार्यशील |
| 5 | छत्तीसगढ़ | एम्स रायपुर | कार्यशील |
| 6 | गुजरात | एम्स राजकोट | निर्माणाधीन |
| 7 | हरियाणा | एम्स माजरा (रेवाड़ी) | निर्माणाधीन |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | एम्स बिलासपुर | कार्यशील |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | एम्स विजयपुर, सांबा, जम्मू | निर्माणाधीन |
| 10 | | एम्स अवंतीपुरा, कश्मीर | निर्माणाधीन |
| 11 | झारखंड | एम्स देवघर | निर्माणाधीन |
| 12 | मध्य प्रदेश | एम्स भोपाल | कार्यशील |
| 13 | महाराष्ट्र | एम्स नागपुर | कार्यशील |
| 14 | ओडिशा | एम्स भुवनेश्वर | कार्यशील |
| 15 | पंजाब | एम्स बठिंडा | कार्यशील |
| 16 | राजस्थान | एम्स जोधपुर | कार्यशील |
| 17 | तमिलनाडु | एम्स मदुरै | निर्माणाधीन |
| 18 | तेलंगाना | एम्स बीबीनगर | निर्माणाधीन |
| 19 | उत्तर प्रदेश | एम्स रायबरेली | कार्यशील |
| 20 | | एम्स गोरखपुर | कार्यशील |
| 21 | उत्तराखंड | एम्स ऋषिकेश | कार्यशील |
| 22 | पश्चिम बंगाल | एम्स, कल्याणी | कार्यशील |

*****